**विश्व ओजोन दिवस** — यूवी किरणों से बचाव के साथ पेड़ लगाने, प्रदूषण घटाने और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

# ओजोन परत सुरक्षित तो भविष्य भी सुरक्षित

**नवभारत , जबलपुर ।** तेज धूप में निकलते समय लोग त्वचा और आंखों को बचाने के लिए छाता, चश्मा और कपड़ों का सहारा लेते हैं, लेकिन सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी को बचाने में ओजोन परत की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसकी जानकारी अभी भी आम लोगों में सीमित है। 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों का कहना है कि ओजोन परत के संरक्षण के साथ पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय स्तर पर भी लगातार प्रयास जरूरी हैं।

### है प्राकृतिक सुरक्षा कवच

ओजोन परत को पृथ्वी का प्राकृतिक सुरक्षा कवच माना जाता है। यह सूर्य की हानिकारक यूवी-बी किरणों के अधिकांश हिस्से को पृथ्वी की सतह तक पहुंचने से रोकती है। इन किरणों का अत्यधिक संपर्क त्वचा और आंखों को प्रभावित कर सकता है। इसका असर पेड़-पौधों और अन्य जीवों पर भी पड़ सकता है।



### पेड़ों की संख्या बढ़ाना जरूरी

शहर में वाहनों की आवाजाही, सड़क की धूल और निर्माण गतिविधियों के कारण स्थानीय स्तर पर वायु प्रदूषण की समस्या बनी रहती है। हालांकि स्थानीय वायु प्रदूषण और ओजोन परत का क्षरण अलग-अलग मुद्दे हैं, लेकिन पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से दोनों पर ध्यान देना जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, पेड़ लगाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने से स्थानीय पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है।

### जलवायु संरक्षण से भी जुड़ा

2016 में अपनाया गया किगाली अमेंडमेंट एचएफसी जैसी शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैसों को चरणबद्ध तरीके से कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वैज्ञानिक आकलनों के अनुसार इसके पूर्ण क्रियान्वयन से इस सदी के अंत तक वैश्विक तापमान वृद्धि को करीब 0.5 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में मदद मिल सकती है।

### वैश्विक प्रयासों से सुधार के संकेत

ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे पदार्थों के इस्तेमाल को नियंत्रित करने के लिए 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार इसके तहत ओजोन-क्षयकारी नियंत्रित पदार्थों के 99 प्रतिशत से अधिक इस्तेमाल को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जा चुका है। वैज्ञानिक आकलनों के अनुसार मौजूदा नीतियां जारी रहने पर वैश्विक स्तर पर ओजोन परत के 1980 के स्तर तक लौटने की संभावना करीब 2040 तक है।

### इनका कहना है



जंगलों की कटाई रोकने के साथ पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना जरूरी है। वाहनों का अनावश्यक इस्तेमाल और प्रदूषण कम करने के साथ पॉलीथिन का उपयोग भी घटाना चाहिए।

**डॉ . माया शुक्ला , रसायन विज्ञान विभाग प्राध्यापक , माता गुजरी महिला महाविद्यालय**



ओजोन परत हमें सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाने में अहम भूमिका निभाती है। पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलीथिन का इस्तेमाल कम करना, पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना जैसे छोटे प्रयास हर व्यक्ति कर सकता है।

**अतिथि तिवारी , विज्ञान विभाग छात्रा**



ओजोन दिवस से हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का मौका मिलता है। पेड़ लगाने के साथ उनकी देखभाल, पॉलीथिन का कम इस्तेमाल और अनावश्यक वाहन चलाने से बचना जैसे छोटे कदम भी पर्यावरण के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

**संगीता सिंह , विज्ञान विभाग छात्रा**

# टीप प्रतियोगिता में 50 प्रतिभागियों ने की सहभागिता




**मध्य प्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति का आयोजन**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत परिवार हिंदी समिति के तत्वावधान में आयोजित हिंदी महोत्सव के अंतर्गत शक्तिभवन स्थित केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में कार्मिकों ने बढ़ चढ़ कर अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दीप्ति पटेल उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन एवं मध्य प्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति के अध्यक्ष फिरोज कुमार मेश्राम ने की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष नितिन खत्री व संयोजक दीपक निगम सहित बड़ी संख्या में विद्युत कार्मिक उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति पटेल को उनकी हिंदी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। 16 सितंबर को हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का अयोजन किया गया है। मंगलवार को आयोजित कार्यालयीन टीप प्रतियोगिता में सभी विद्युत कंपनियों के पचास प्रतिभागियों ने भाग लेकर हिन्दी में आंतरिक कार्यालयीन टीप लेखन में श्रेष्ठता साबित करने का प्रयास किया। इस प्रतियोगिता में नवोदित कार्मिक ने उत्साह से भाग लिया।

### पॉपकार्न नाटक का प्रदर्शन

इस अवसर पर समागम रंगमंडल के द्वारा आशीष पाठक द्वारा लिखित व निर्देशित पॉपकार्न नाटक का मंचन प्रस्तुत किया। साथ ही जबलपुर केन्द्रित कैमरा व कार्टून की जुगलबंदी प्रदर्शनी-हिंदी महोत्सव के अंतर्गत जबलपुर पर केन्द्रित छायाचित्र व कार्टून प्रदर्शनी संयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में छायाकार अजय धाबर्डे के छायाचित्र व कार्टूनिस्ट राजेश दुबे के कार्टून का संयोजन किया गया। अजय यादव ने पुस्तक प्रदर्शनी को संयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन नुसरत मदनी सिद्दीकी ने किया।

### एक नजर में

#### तत्काल बहाल करें छात्रसंघ चुनाव

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव तत्काल बहाल किए जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ,कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की गई। अभाविप ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं। शैक्षणिक परिसरों में विद्यार्थियों की समस्याओं को लोकतांत्रिक एवं प्रभावी ढंग से उठाने के लिए निर्वाचित छात्र प्रतिनिधित्व आवश्यक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री सुव्रत बाझल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सदैव से परिसरों में स्वस्थ लोकतांत्रिक वातावरण, विद्यार्थी हितों की प्रभावी अभिव्यक्ति और छात्र नेतृत्व के विकास की पक्षधर रही है। वहीं अभाविप के महानगर मंत्री आर्यन पुंज ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की इस दीर्घकालिक एवं न्यायसंगत मांग को लेकर संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक माध्यमों से अपनी आवाज लगातार उठाता रहेगा।

#### आयुर्वेद दिवस : व्यंजनों व हर्बल रंगोली से दिया आरोग्य का संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** तिलवाराघाट स्थित पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ में 11वें आयुर्वेद दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आयुर्वेद के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया।कार्यक्रम में आयोजित पोषण व्यंजन प्रतियोगितामें विद्यार्थियों ने पाचन तंत्र मजबूत करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। हर्बल रंगोली प्रतियोगिता में प्राकृतिक रंगों, अनाज और जड़ी-बूटियों के प्रयोग से आकर्षक कलाकृतियां उकेरी गईं। इसके अलावा खेल-खेल में ज्ञान प्रदर्शनी व गेम्स के जरिए आगंतुकों को आयुर्वेद और जड़ी-बूटियों के प्रति जागरूक किया गया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. स्वप्निल सिंघई एवं प्रबंधकों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक जीवनशैली से जोड़कर जन-स्वास्थ्य को बढ़ावा देना रहा।

# श्री सिद्ध गणेश मंदिर में पहुंचने लगी भक्तों की भीड़

**नवभारत,जबलपुर।** श्री सिद्ध गणेश मंदिर में गणपती जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान गणेश के द्वादश स्वरूपों में से एक सुमुख का पूजन अर्चन किया गया ।प्रथम दिवस भगवान गणेश के सुमुख स्वरुप को श्वेत वस्त्रों से श्रंगारित कर सहस्त्र मोदकों से सहस्त्रार्चन, मध्यान्ह महाआरती एवं प्रसाद वितरण संपन्न हुआ । मंगलवार को गणेश जी के एकदन्त स्वरुप को पीले वस्त्रों से श्रंगार कर विभिन्न फलों से सहस्त्रार्चन संपन्न हुआ। इस दौरान यजमान- रुद्रांश तिवारी, रिंपी राजीव भल्ला, चिरंजीवी राजीव भल्ला , रौनक रक्षक भल्ला ,श्वेता महिपाल सिंह , अवधेश पुंज मौजूद रहे। पंडित रामानुज तिवारी ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में भक्त मंदिर में मनोकामना की अर्जी लगाने पहुंच रहे हैं।



# माता गुजरी महिला महाविद्यालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी

**नवभारत,जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय के हिंदी विभाग के द्वारा मंगलवार को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत पुस्तक प्रदर्शनी एवं पोस्टर निर्माण का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार पाहवा, प्राचार्य डॉ संगीता झाम्ब, विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ सपना श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पूनम शर्मा के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ संजुल शर्मा , सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ ममता तिवारी, अजय यादव उपस्थित रहे । इस दौरान मुख्य अतिथि डॉक्टर संजुल शर्मा ने कहा कि किताबें ज्ञान का भंडार होती है एक किताब के द्वारा ज्ञान के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के विभिन्न मूल्यों को पहचाना जा सकता है ।



कार्यक्रम में छात्राओं ने हिंदी के साहित्यकारों की वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूनम शर्मा के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन डॉ भारती रजक के द्वारा किया गया । इस अवसर पर डॉ दीप्ति मिश्रा डॉ प्रभा पहाड़िया, डॉ कीर्ति श्रीवास्तव डॉ अल्पना सिंह डॉ अरुणा पाठक, डॉ जयश्री जैन,डॉ रीता मुखर्जी, डॉ पुष्पा रमेश, डॉ रिचा राय , डॉ रत्ना वर्मा,डॉ अंजू मिश्रा,डॉ सविता सुहाने , राफेल परस्ते, डॉ अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, आकांक्षा नामदेव उपस्थित रहे ।श्री राकेश तिवारी का तकनीकी सहयोग में विशेष योगदान रहा।

# श्री रजत गणेश मंदिर में सहस्त्रार्चन और आरती आयोजित





**नवभारत,जबलपुर।** ललपुर रोड, ग्वारीघाट स्थित श्री रजत गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश का सहस्त्रार्चन एवं भव्य आरती का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश उमेश चंद्र माहेश्वरी द्वारा प्रेषित विशेष व्याख्यात्मक संदेश श्री रजत गणेश मंदिर के महंत स्वामी प्रमोद महाराज द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के समक्ष पढ़ा गया। अपने संदेश में उन्होंने भगवान श्री गणेश के स्वरूप, उनकी महिमा और जीवन में उनके आदर्शों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस पावन अवसर पर रामलला मंदिर के महंत पंडित इंद्रभानु महाराज, सुरेश शारदा, राजेश चौहान एवं एम. एल. अहिरवार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. रवि राय द्वारा किया गया। आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

# दोष निवारण के लिए महिलाओं ने रखा ऋषि पंचमी का व्रत

**नवभारत,जबलपुर।** भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष को पंचमी तिथि पर ऋषि पंचमी का व्रत रख महिलाओं ने पूजन अर्चन किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कहते हैं कि ऋषि कश्यप, अत्रि, भारद्वाज, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि और वशिष्ठ ऋषि (सप्तऋषि) व माता अरुंधति का आज के दिन विधि-विधान से महिलाओं के द्वारा पूजन करने से मासिक धर्म के समय अनजाने में हुए नियमों के उल्लंघन से उत्पन्न दोषों से मुक्त मिलती है। कहा ये भी गया है कि इस व्रत को करने से आत्मशुद्धि और प्रायश्चित होता है। इस लिए ऋषि पंचमी के दिन महिलाएं इस व्रत को विधि विधान से कर के अपने आप को अनजाने में हुए समस्त दोष विकारों से मुक्ति की कामना करती हैं। योगिता पटेल, उमा वर्मा, कमला पटेल, पूनम, वदना, अंजू, सुमन पटेल, आरती झारिया आदि ने इस व्रत को विधि विधान से किया। वहीं पंडित राघव वैष्णव बताते हैं कि इस व्रत को करने से महिलाएं अखंड सौभाग्यवती होने के साथ ही समस्त दोषों से मुक्ति पाती हैं।



# पंजाबी हिंदू एसोसिएशन ने पितृविहीन मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** पंजाबी हिंदू एसोसिएशन द्वारा संस्था परिसर में अध्यक्ष नरेंद्र पाल मलिक की अध्यक्षता एवं साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के मुख्य आतिथ्य में मेधावी व पितृविहीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। दीप प्रज्वलन से आरंभ हुए इस कार्यक्रम में होनहार छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्थिक सहयोग राशि दी गई।

मुख्य अतिथि साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि निर्धन परिवारों के प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा में मदद करना मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा अनुकरणीय कार्य है। जनसंपर्क अधिकारी उमेश शर्मा के अनुसार, पंजाबी समाज वर्षों से जनहित और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग देता आ रहा है। कार्यक्रम में नरेश ग्रोवर, इंदर विरमानी, उमेश खुराना, प्रमोद मरवाह सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विद्यार्थी व उनके परिजन मौजूद रहे।




# गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ो के राजाओं का होगा नर्मदा स्नान

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर द्वारा द्वितीय वर्ष गोंडवाना साम्राज्य के 52 गढ़ों के राजाओं का 17 सितंबर को सुबह 9:00 बजे गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थल में स्थापित 52 गढ़ो के राजाओं के देवठाने से पुरखा सेवामान पूजा कर, कलश ताना बाना सहित जिला जबलपुर, सिवनी, लखनादौन के पंडा पुजारी, बरगी के समाज सेवी मंडला, डिंडोरी के समाज सेवी, आदिवासी अधिवक्ता संघ की उपस्थिति में गोंडवाना चौक से घंटाघर ,मालवीय चौक, तीन पत्ती,शास्त्री ब्रिज, गोरखपुर होते हुए वाहन रैली के माध्यम से मां नर्मदा ग्वारीघाट पहुंचकर 52 गढ़ के राजाओं का बना स्नान कलश विसर्जन गोंडियन संस्कृति से पूरखा सेवामान पूजन किया जाएगा । किशोरीलाल भलावी, उत्तम सिंह ताराम, नेम सिंह मरकाम डी.एल. कोर्चे, राजेन्द्र चौधरी अजय झारिया, अधिवक्ता बालकिशन चौधरी, अधिवक्ता राजेंद्र मरावी,पंडाईन श्याम कुमारी दाईजी सहित अन्य ने उपस्थिति की अपील की है।




**तीजोत्सव** — मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा द्वारा तीजोत्सव का आयोजन

# महापौर ने देवी गीत गाकर बांधा समां, दीं गई धार्मिक प्रस्तुतियां

**नवभारत,जबलपुर।** भगवान शिव एवं माता पार्वती के पावन मिलन तथा अखंड सौभाग्य की कामना से जुड़े हरितालिका तीज व्रत के अवसर पर मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य 'तीजोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरी रात्रि भक्ति, जागरण, धार्मिक प्रस्तुतियों एवं सनातन संस्कृति की अनुपम छटा देखने को मिली। बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुजन कार्यक्रम में सहभागी बने।

कार्यक्रम में नगर के प्रख्यात कलाकार विष्णु सोनी एवं नर्मदा जागरण पार्टी के कलाकारों द्वारा भक्ति से ओतप्रोत भजनों, धार्मिक गीतों एवं आकर्षक झांकियों की प्रस्तुति दी गई। पूरी रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर भाव-विभोर होकर झूमते रहे। तीजव्रती महिलाओं के लिए कार्यक्रम स्थल पर पृथक एवं सुविधाजनक बैठक व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ने देवी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरे आयोजन में भक्ति का वातावरण और अधिक उत्साहपूर्ण हो गया।



### हाईकोर्ट बार एवं जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का सम्मान

तीजोत्सव के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों के साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन एवं जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से सम्मानित होने वालों में विश्वास पलिया, एड. सत्येंद्र ज्योतिषी, एड. असीम त्रिवेदी, रुपेश पटेल 'लड्डू', अनुराधा चौबे तिवारी, सुशीला पालीवाल, अजय शुक्ला, अर्णव तिवारी, वरुण दुबे, आशीष तिवारी, अतुल द्विवेदी, शांति तिवारी, विभा पाठक एवं आरती शर्मा शामिल रहे। वहीं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा सहित सचिन गुप्ता, रवि दत्त, शैलेन्द्र यादव एवं प्रशांत नायक का भी शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### प्रात :काल हुआ प्रसाद वितरण

रात्रि जागरण के उपरांत प्रात:काल व्रतधारी मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के प्रसाद की व्यवस्था की गई। सुबह तक चले प्रसाद वितरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासभा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों एड. आशीष त्रिवेदी, अखिलेश दीक्षित, ब्रजेश बबले, एड. ब्रजेश दुबे, एड. असीम त्रिवेदी, एड. अपूर्व त्रिवेदी, प्रवीण तिवारी 'पल्ली', रत्नेश मिश्रा, गुड्डा त्रिपाठी, हर्षुल त्रिवेदी, एड. एस.एस. ठाकुर, एड. प्रशांत अवस्थी, एड. पंकज तिवारी, एड. रीतेश शर्मा, एड. सिद्धार्थ शुक्ला, शैलेश पाठक, गोविंद दुबे सहित महिला महासभा की वर्षा त्रिवेदी, अनुभा पाठक, गीता पाण्डेय एवं अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 39,897 घरों की छतों पर सौर ऊर्जा का उजियारा

**पीएम सूर्य घर योजना का कमाल**

**नवभारत,जबलपुर।** भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित कर स्वयं बिजली उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत योजना को लेकर उपभोक्ताओं में निरंतर उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 39,897 घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा कुल 145.30 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें से 35713 उपभोक्ताओं को 277.09 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। वर्तमान में भी पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सब्सिडी का लाभ प्राप्त हो रहा है।

### 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी

पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित करने पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान दिया जा रहा है। 1 किलोवाट क्षमता के संयंत्र पर 30,000 रुपये, 2 किलोवाट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के संयंत्र पर अधिकतम 78,000 रुपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में प्रदान की जा रही है।

### सौर ऊर्जा से बिजली बिल में होगी बचत

रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने से उपभोक्ता अपने घर की बिजली आवश्यकता का एक बड़ा हिस्सा स्वयं पूरा कर सकता है। सामान्य परिस्थितियों में 1 किलोवाट क्षमता का सोलर संयंत्र प्रतिमाह लगभग 120 से 150 यूनिट तक बिजली का उत्पादन कर सकता है। इससे उपभोक्ताओं को बिजली खर्च में कमी लाने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने सभी पात्र घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करें।